हमारा देश एक बहुत बड़ा देश है जो कि निरन्तर औद्योगिक प्रगति के पथ पर जा रहा है। इस दिशा में सफल औद्योगिक इकाइयां हमारे देश की प्रगति में बहुत बड़ा योगदान कर सकेंगी। हमारे देश में इस समय मुख्यतया भारी, मध्यम एवं लघु उद्योगों की स्थापना की गई । इसके अलावा उद्योगो की प्रगति सार्वजनिक, सहकारी तथा निजी क्षेत्र में सरकार की ओर से की जा रही है। देश में भारी उद्योग लगाए जाने अत्यन्त आवश्यक है। इनके साथ साथ इस बात का भी ध्यान रखना आवश्यक है कि मध्य एवं लघु उद्योग भारी उद्योगो की दौड़ मे अपेक्षित न रह जायें। इस तथ्य से इन्कार नही किया जा सकता है कि हमारे देश में लघु उद्योगो को पूरा सहयोग यानी वांछित सहयोग न मिलने के कारण वे उपेक्षित है। और मै तो यह भी कहूंगा कि लघु उद्योग आज देश मे सिसकती हुई दशा मे विद्यमान है। इस सम्बन्ध मे मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करुंगा कि भारी एवं मध्यम उद्योगो तथा लघु उद्योगों का कार्य-क्षेत्र अलग अलग विभाजित कर दिया जाए और इस प्रकार के उद्योगों के लिए अलग अलग धनराशि निर्धारित की जाए जिससे कि लघु उद्योगों की प्रगति में किसी कारण धन एवं साधनों का अभाव न हो सके।

मैं उत्तर प्रदेश के बांदा जनपद से लोक सभा में प्रतिनिधित्व करता हूं। हमारा प्रदेश 56 जिलों में विभाजित है जनसंख्या अधिक है, आर्थिक दृष्टिकोण से पिछड़ा हुआ है, उद्योग लगाने के लिए क्षमता विद्यमान है और अगर प्रयास किया जाए तो उत्तर प्रदेश का एक औद्योगिक केन्द्र बनाया जा सकता है क्योंकि इस क्षेत्र में प्राकृतिक साधन प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। विगत तीन वर्षों में उत्तर प्रदेश के लघु उद्योग कारखानों को चलाने मे उपेक्षा

की गई है। उदाहरण के तौर पर मैं आपको मथुरा सिलिकन सेरेमिक्स काम्प्लेक्स के बारे में बतलाना चाहूंगा। इसकी स्थापना सन 1976 में की गई थी और पैकेज असिस्टेन्स स्कीम के अन्तर्गत अनेक प्रकार से साधन उपलब्ध कराने का वादा किया गया लेकिन वे सब वादे पूरे नहीं किए गए। (व्यवधान) थोड़ा सा समय और दिया जाए।

उद्योग चलाने के लिए पैकेज असिस्टेन्स की जो स्कीम रखी गई, मैं समझता हूं जिस उद्देश्य से वह निर्धारित की गई वह उद्देश्य पूरा नहीं हुआ। बिल्कुल धोखे की नीति निर्धारित की गई। उस क्षेत्र में भी उनको सहयोग नहीं दिया है। उनको चलाने के लिए वर्किंग कैपिटल डिफ्रेंशियल कारपोरेशन के माध्यम से देने का जो वायदा किया गया था, वह भी पूरा नहीं किया गया है जो कुछ कच्चा माल और रा-मैटिरीयल उनको मिलना चाहिए जैसे लोहा है, वह उनको उस मात्रा में नहीं मिल रहा है, जिसकी वजह से वे बिगड़ी हुई स्थिति में पड़े हुए हैं और उद्योग मंत्री जी से यह भी कहना चाहता हूं कि किसी भी तरह से उनको वह माल ब्लैक में मिल जाता है, इस तरह से वे अपना काम चला रहे हैं।

बिजली का जहां तक सवाल है, वह भी उनको पूरी तरह से नहीं मिली है और इसके बावजूद भी उनसे न्यूनतम चार्जेज वसूल किए जाते हैं। मैं अपने क्षेत्र बांदा जनपद के बारे में, जहां बहुत ही खनिज उपलब्ध हैं, बतलाना चाहता हूं। मेरे क्षेत्र में सिलिका सैंड काफ़ी मात्रा में उपलब्ध है, जिससे कि सिलिका सैंड की इण्डस्ट्री लगाई जा सकती है। बाक्साइट भी काफी मात्रा में प्राप्त होता है, जिससे एल्यमुना उद्योग लगाया जा सकता है। इसी तरह से शजर पत्थर भी भारी मात्रा में पाया जाता है, जिसका उद्योग लगाया जा सकता है। इस क्षेत्र में तेंदु की पत्ती भी भारी मात्रा में उपलब्ध है, जिससे बीड़ी उद्योग खोला जा सकता है।

हैंडीक्राफ्ट के क्षेत्र में खिलौने व पत्थर का सामान बनाने के लिए काफी मात्रा में साधन उपलब्ध हैं। हमारा क्षेत्र मजदूर क्षेत्र है और पिछड़ा हुआ इलाका है, जहां आज तक एक भी इण्डस्ट्री खोलने के बारे में विचार नहीं किया गया, आज 30 साल की आजादी के बाद भी।

अब मैं कुछ सुझाव देना चाहता हूं, हमारे क्षेत्र में फर्टिलाइजर का कारखाना, पेपर का कारखाना, सीमेंट का कारखाना सफलता के साथ लगाया जा सकता है।

मैं अन्त में निवेदन करना चाहता हूं कि 1956 की औद्योगिक नीति पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है और बदलती हुई परिस्थितियों में आमूलचूल और क्रान्तिकारी परिवर्तन करने की आवश्यकता है। भारत गांवों में बसता है और ग्रामीण उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। देश की प्रगति के लिए ग्रामवासियों की आर्थिक स्थिति सुधारना, गरीबी दूर करने व बेरोजगारी समाप्त करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में लघु उद्योगों की स्थापना करना सरकार की सर्वोपरि नीति होनी चाहिए।

इन शब्दों के साथ मैं आपका बड़ा आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया और मैं उद्योग मंत्रालय की अनुदान की मांगों का समर्थन करता हूं।

श्री रणजीत सिंह (बतरा) : सभापति महोदय, मैं उद्योग मंत्रालय की अनुदान मांगों का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं।

हिन्दुस्तान गांवों का देश है, जहां बहुत बड़ी संख्या में लोग देहातों में रहते हैं। देहातों में अभी भी बहुत से लोगों के पास ज़मीन नहीं है, जिस पर वे खेती कर सकें। हमारे देश की 80 प्रतिशत जनता आज भी गरीबी की रेखा के नीचे जीवन निर्वाह करती है। इस स्थिति को देखते हुए स्व० पंडित जवाहर लाल नेहरू ने कहा था कि हिन्दुस्तान के सभी भागों में औद्योगिकरण कर दिया जाए, जिससे हमारे गरीब और बेरोजगार नौजवान नौकरी पा सकें और हिन्दुस्तान में सभी चीजों का उत्पादन हो सके।

सभापति महोदय, मुझे बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि हमारे देश में अभी भी औद्योगिक विकास नहीं हो पाया है। बहुत से पिछड़े इलाकों में औद्योगिक संस्थानों की स्थापना नहीं की गई है। इसका एक कारण यह भी है कि हिन्दुस्तान में आज तक जो भी औद्योगीकरण किया गया है या जहां

[श्री रणजीत सिंह]

पर ग्रौद्योगिक संस्थानों की स्थापना हुई है, वहां पर किसी भी तरह का फ़ायदा नहीं हो पा रहा है। वहां की बेरोजगारी को खत्म नहीं किया जा रहा है। इसका कारण यह है कि कभी किसी उद्योग के लिए कोयले की कमी हो जाती है, कभी लोहे की कमी हो जाती है, कभी रेलवे लाइन या यातायात की सुविधायें उपलब्ध नही होती हैं। इसलिए मेरा निवेदन है कि उद्योग विभाग, ट्रांस्पोर्ट विभाग, रेलवे विभाग, ग्रौर इनर्जी विभाग, इन चारों विभागों को एक साथ बैठ कर, इस समस्या का हल निकालना चाहिए ग्रौर विभिन्न स्थानो पर उद्योग लगाने के कार्य में ध्यान देना चाहिए। जिससे हमारे इलाके का विकास हो सके। मैं बिहार के चतरा क्षेत्र मे चुन कर ग्राया हूं, जहा सारे-के सारे लोग घास की रोटी खाते है, महुग्रा खा कर ग्रपनी जिन्दगी गुजारते है। वहा पर ज्यादातर ग्रादिवासी ग्रौर हरिजन लोग हैं। ऐसे पिछड़े स्थान पर न जाने क्यो ग्राज तक कोई ग्रौद्योगिक संस्थान नही है। हमारे क्षेत्र मे लातेहर एक क्षेत्र है जहां एलमुनियम फैक्ट्री लगाने का तय हुग्रा था जमीन भी ले ली गई थी, लेकिन ग्रभी तक वह फैक्ट्री नही लगी है। पूछने है तो सेन्टर कहता है कि स्टेट से कन्सेन्ट्रन मांगे जा रहे है, स्टेट कहता है कि सैन्टर से एप्रूवल नही हो पाई है। पाच-पांच वर्ष सैन्टर ग्रौर स्टेट के झगडे में बीत जाते है ग्रौर ऐसे पिछडे क्षेत्रो का कोई विकास नही हो पाता है।

सभापति महोदय, पब्लिक सैक्टर, प्राइवेट सैक्टर, स्माल सेक्टर ग्रौर कुटीर उद्योग--ये चार महत्वपूर्ण सैक्टर्स होते हैं। पब्लिक सैक्टर मे हडताले होने की वजह से, लेबर प्राबलम की वजह से ग्रसफलता नही मिल पाती है। हमारे विरोधी दलो के लोग हमेशा वहां हड़तालें कराने में लगे रहते हैं, जिस के कारण पब्लिक सेक्टर पूरी तरह से डिस्टर्ब रहता है। हमारे उद्योग मंत्री का यह प्रयास होना चाहिए कि लेबर ग्रौर पब्लिक सैक्टर के बीच समझौता हो ग्रौर ऐसी नीति बने जिस से लेबर के साथ झगडा न होने पाये। इसी तरह से जो प्राइवेट सैक्टर्स हैं, जिन में टाटा, बिड़ला, मफतलाल ग्रौर दूसरे बड़े-बड़े लोग हैं, इन लोगों का भी यह प्रयास होता है कि पब्लिक सैक्टर डिस्टर्ब्ड रहे, जिस से प्राइवेट सैक्टर को ग्रागे बढ़ने का मौका मिले ग्रौर पब्लिक सैक्टर सफल न हो पाये। हमारी सरकार को यह चाहिए कि जो ऐसे बड़े-बड़े पूंजीपति हैं, बड़े-बड़े घराने हैं जो पब्लिक सैक्टर को डिस्टर्ब करा रहे हैं, उनकी फैक्टरियों का राष्ट्रीयकरण कर लेना चाहिए। बिना राष्ट्रीयकरण के इस समस्या का समाधान नही हो सकता है। राष्ट्रीयकरण के द्वारा ही गरीबों ग्रौर मजदूरो को रोजी ग्रौर रोटी मिल सकती है। इन बडे-बड़े घरानों के चलते हमारे देश का ग्रौद्योगिक विकास नहीं हो सकता है। हमारी नीति मे परिवर्तन लाना चाहिए, जिस से पब्लिक सैक्टर ग्रौर स्माल सैक्टर को बढ़ावा मिल सके।

सभापति महोदय, हिन्दुस्तान गावों का देश है, जिस के 80 प्रतिशत लोग गावो में रहते हैं। वहां पर छोटी-छोटी फैक्ट्रीज ग्रौर कुटीर उद्योगो का निर्माण होना चाहिए। बहुत से लोग छोटी-छोटी फैक्ट्रीज में ग्रपनी पंजी लगाते हैं, लेकिन सब बेकार हो जाता है, इस का कारण यह है कि इनर्जी विभाग से उन को पर्याप्त बिजली नही मिल पाती है, वोल्टेज की कमी होती जाती है, लेबर की प्राबलम पैदा हो जाती है ग्रौर एक सब से बडी समस्या मार्केटिंग की है। वे लोग मार्केट मे ग्रपना सामान बेच नही पाते हैं। इस के लिए सरकार को मार्केटिंग की व्यवस्था करनी चाहिए, बिजली की व्यवस्था करनी चाहिए ग्रौर बडे-बडे उद्योगपतियों पर यह रोक लगानी चाहिए कि वे छोटे-छोटे सामान को जिन को स्माल सैक्टर मे बनाया जा सकता है, न बनावे।

हमारे इलाके में बहुत सी शुगर की फैक्ट्रीज बीमार पडी हुई हैं। हमारे उद्योग मंत्री का ध्यान इस तरफ नही जा रहा है, जब कि चीनी ग्राज 8 रुपये किलो बिक रही है। ऐसी स्थिति में मेरा सुझाव है कि सभी शुगर मिलों को सरकार ग्रपने हाथ में ले ले, इस से समाज का कल्याण होगा ग्रौर गरीबों को रोजगार मिलेगा।

हमारे इलाके में ग्रबरक, मैगनीज, यूरेनियम, फायर-क्ले ग्रौर तरह तरह की फोरेस्ट-प्रोडयूस मिलती है। यह सब सामान जगलों में पड़ा हुग्रा है। ग्रगर वहां पर इन चीजों के कारखाने लगाये जांय तो वहां के हरिजनों ग्रौर ग्रादिवासियों को रोजगार

मिल सकता है। उदाहरण के तौर पर पेपर फैक्ट्री लग सकती है, फायर-क्ले की फैक्ट्री लग सकती है, एलमुनिया की फैक्ट्री लग सकती है। लेकिन मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि इस तरफ सरकार ने बिलकुल ध्यान नहीं दिया है। चतरा जैसे क्षेत्र में जहां 6 कांस्टीचूएन्सीज हैं —बाराचट्टी, सातेहर, पांकी, चतरा, इमामगंज और फतहपुर— इन सभी स्थानों में आज तक कोई इण्डस्ट्री नहीं बैठाई गई है। स्टेट और केन्द्रीय सरकार आपस में कमेण्टस ही मांगते रहते हैं। मैं उद्योग मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि वे चतरा क्षेत्र की तरफ ध्यान दें और उस इलाके में पेपर फैक्ट्री तथा एलूमिनियम फैक्ट्री का शीघ्र से शीघ्र निर्माण करायें।

मैं यह कह देना चाहता हूं कि गया में एक नाइलोन फैक्ट्री बनाने का प्रस्ताव था। उस प्रस्ताव को बने हुए पांच वर्ष हो गये हैं, जमीन का आवंटन हो गया लेकिन अभी तक स्टेट और सेन्ट्रल गवर्नमेंट के बीच में कमेंटस चल रहे हैं और इस वजह से वह बेकार पड़ी हुई है और काम नहीं हो रहा है। इस कारण वहां के नवयुवक भी बेकार पड़े हुए हैं और उनको रोजी-रोटी नहीं मिल रही है। जब ऐसी स्थिति है तो एक विस्फोट हो सकता है और जो हमारे सिद्धान्त हैं और जो हमारी सरकार का विचार है सभी को आगे बढ़ाने का 20 प्वाइण्ट आर्थिक लक्ष्य के अन्तर्गत, आज औद्योगिक विकास न होने की वजह से सारे का सारा बेकार पड़ा है।

इतना कहते हुए मैं आप को धन्यवाद देता हूं और इस मंत्रालय की मांगों का समर्थन करते हुए मंत्री जी से प्रार्थना करता हूं कि वे मेरे सुझावों पर ध्यान दें।

श्री कमला मिश्र मधुकर (मोतीहारी): सभापति जी, इस देश के राष्ट्रीय आन्दोलन में और आजादी के क्रम में तथा आजादी के बाद औद्योगिक नीति के पांच पहलू उभर कर सामने आए थे। पहला था एण्टी-मल्टी-नेशनल, दूसरा एण्टी-मोनोपली, तीसरा राजकीय क्षेत्र का विस्तार और कमांडिंग हाईट्स तक उस को पहुंचाना, चौथा था स्माल स्केल इंडस्ट्री को प्रोत्साहन तथा प्रोटेक्शन देना, और पांचवां था समाजवादी मुल्कों के साथ दोस्ती कर के औद्योगिकरण करना, लेकिन आज जो हो रहा है और जिस बात की बहुत जोरदार चर्चा अखबारों में आती है और तमाम अखबारों में लेख लिखे जा रहे हैं, तमाम नीति जिस को श्री जवाहरलाल नेहरू और देश ने स्वयं आजादी की लड़ाई के बाद जो अनुभव थे, उन अनुभव के आधार पर बनाया था, उस नीति में न केवल छेद किया जा रहा है बल्कि उस को उलट कर रिवर्स गियर में काम करने का प्रयास किया जा रहा है और इस बात का बहुत प्रचार किया जा रहा है कि प्राइवेट सेक्टर जो है, उस के पास कार्यकुशलता है, उस के पास एकमीपार्टीज हैं और उस के पास मेनेजीरियल कैपेसिटी है और उस को बढ़ावा दिया जाए और इस से राजकीय सेक्टर को काफी घाटा हो रहा है। राजकीय सेक्टर की जगह पर जो प्राइवेट सेक्टर को बढ़ावा देने की नीति चल रही है, यह न केवल देश की आजादी के लिए ही बल्कि देश की औद्योगिक उन्नति के लिए भी भयंकर खतरा है और इस बात का जो प्रयास चल रहा है और औद्योगिक मंत्रालय को सेबोटेज करने की बात हो रही है, मैं उस का जोरदार शब्दों में विरोध करता हूं।

मैं यह कहना चाहता हूं कि इन नीतियों पर चल कर अगर आप यह सोचते हों कि इन से देश का औद्योगिक विकास होगा, तो यह मंत्रालय का एक दिवा-स्वप्न है क्योंकि हम ने यह देखा है कि जो मुल्क आजाद हुए हैं और जिन्होंने मल्टी-नेशनल्स को अपने देश में औद्योगिक विकास के लिए बुलाया है, उस का नतीजा क्या हुआ है, वह सब जानते हैं। उन्होंने वहां के जनमत को, वहां के अर्थतंत्र को अपने बस में कर लिया है और उन सब पर मल्टी-नेशनल्स हावी हो गये हैं और हावी होने के बाद वहां की राजनीतिक, शैक्षणिक, सामाजिक और तमाम दूसरी आजादी को वे निगल जाते हैं। यह सब मल्टी-नेशनल्स की कार्यवाहियां हैं और माननीय सदस्य हम को जो कह रहे हैं वे अपने दिल में महसूस करते होंगे कि यह बात है या नहीं। इसलिए ये जो आप की नीतियां हैं, इन को आप को बदलना चाहिए। चाचना जी, जो हम लोगों के बीच मंत्री बन कर आए हैं, वे नवयुवक हैं और हम यह सोचते थे कि वे हमें कुछ प्रेरणा देंगे और कुछ करिश्मा कर के दिखायेंगे लेकिन औद्योगिक विकास में कोई करिश्मा कर के उन्होंने नहीं दिखाया है बल्कि उस में कुछ ह्रास हुआ है। आज हम यह देखते हैं कि सारा पूंजीवाद भयंकर संकट में है। अमेरिका में संकट है, पश्चिम जर्मनी में संकट है,

[श्री कमला मिश्र मधुकर]

जापान में संकट है, इटली में संकट है और फ्रांस में संकट है और उस संकट में बंधे हुए सर्वतंत्र में इण्टरनेशनल मोनोपोली फण्ड और वर्ल्ड बैंक की सहायता से या हिन्दुस्तान के पूंजीपतियों की सहायता से आप कुछ करना चाहते हैं, तो यह असंभव बात है। आपने हिन्दुस्तान के चीनी मिल मालिकों को किसी न किसी रूप में करीब 6 हजार करोड़ रुपया मुनाफे का दे दिया है फिर भी आज चीनी की हालत क्या है। आज देश में चीनी 8 रुपये किलो बिक रही है। क्या लाभ हुआ इस से देश को? जितनी भी चीनी मिलें महाराष्ट्र में, बिहार में, उत्तर प्रदेश में हैं और प्राइवेट सेक्टर में हैं वे तमाम की तमाम चीनी मिलें पिसी-पिटी हैं। रिनोवेशन के नाम से सरकार उन्हें सरकारी ऋण देती है, राष्ट्रीयकृत बैंकों से उन्हें ऋण दिये जाते हैं। वे उनका इस्तेमाल रिनोवेशन में नहीं करके अपने दूसरे प्रतिष्ठानों में करते हैं। उन प्रतिष्ठानों में भी विकास नहीं हो रहा है। इसलिए हम लोगों की यह बराबर मांग रही है कि तमाम चीनी मिलों का राष्ट्रीयकरण किया जाए। पब्लिक सेक्टर के कारखानों में कुछ खामियां हैं, नौकरशाही का बोलबाला है। लेकिन फिर भी यह न हो कि उन्हें प्राइवेट सेक्टर के हाथ में दे दिया जाए। प्राइवेट सेक्टर में जितनी पूंजी लगी हुई है, और राजकीय क्षेत्र में जितनी पूंजी लगी हुई उसके अनुपात में प्राइवेट सेक्टर से कहीं ज्यादा काम लोगों को राजकीय क्षेत्र में मिलता है। बहुत सारे राजकीय क्षेत्र के उद्योग आज ऐसी स्थिति में पहुंच गये हैं कि वे काफी मुनाफा कमा रहे हैं।

मैं आपसे कहना चाहता हूं कि राजकीय क्षेत्र को खत्म करने की दिशा में जो काम हो रहा है वह नहीं होना चाहिये। मैं एक उदाहरण आपको देना चाहता हूं। हमारा भेल कारखाना जो टरबाइन बना सकता है लेकिन बिजली बोर्डों को आदेश दिये जा रहे हैं कि बाहर से टरबाइन आयात करो। यह भेल जैसे देश के मूल उद्योगों के साथ विश्वासघात है। क्या उन टरबाइनों को भेल नहीं तैयार कर सकता है? क्या उन टरबाइनों को देश में ही नहीं बनाया जा सकता है। फिर क्यों ये टरबाइन बाहर से मंगाये जा रहे हैं। जो काम हम अपने देश में कर सकते हैं, राजकीय क्षेत्र में कर सकते हैं वे काम आज प्राइवेट कम्पनियों को दिये जा रहे हैं। ऐसे बहुत सारे प्रयत्न किये जा रहे हैं। आप लोग जनता पार्टी, लोकदल पार्टी खूब कहते हैं लेकिन कार्यवाही क्या चल रही है? 1974 से मल्टी नेशनल कम्पनियों को हिन्दुस्तान में बढ़ावा दिया जा रहा है। आज में और जार्ज साहब में क्या फर्क है? पंडित जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व में 1956 में जो औद्योगिक नीति चली थी, आज 1980 में उसको विकृत किया जा रहा है। वह नीति इसलिये बनी थी जिससे कि देश में तेजी से औद्योगिक विकास हो। मेरे पास इस समय आंकड़े नहीं हैं, नहीं तो मैं आप को बताता। मल्टी नेशनल कम्पनियों से देश का औद्योगिक विकास करना मात्र दिवा स्वप्न होगा। इससे देश आगे बढ़ने वाला नहीं है।

इसके बाद मैं बिहार की समस्याओं पर आता हूं। हमारा बिहार बहुत ही पिछड़ा हुआ है। हमारे बिहार में 40 फीसदी खदानें हैं और उनमें जो जो खनिज पदार्थ मिलते हैं उन्हें मैं गिनाऊंगा नहीं। उन खनिज पदार्थों के मिलने के बावजूद अभी तक बिहार की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। उसके विकास में बाधा आपकी दे डाली है। हमारे यहां खनिज पदार्थों की रायल्टी का भी सवाल है। वहां के खनिज पदार्थों के लिये रायल्टी हमें वेल्यू में मिलनी चाहिये जबकि दी जाती है वेट पर, वजन पर। बिहार को रायल्टी वेल्यू पर मिलनी चाहिये।

इसी प्रकार से बिहार में जितने उद्योग हैं उनके हेड क्वाटर या तो कलकत्ता या बम्बई में हैं। वे हेड क्वाटर बिहार में ही क्यों नहीं हो सकते जिससे कि बिहार को फायदा हो। मेरी जोरदार मांग है कि वे हेड क्वाटर बिहार में ही होने चाहिये।

बिहार में नई कारखानों के खोलने के लिये आपके पास आवेदनपत्र पड़े हुए हैं। किशनगंज में एक जूट मिल खोलने के लिये भी है जिसकी कि

आपने कोई सुनवाई नहीं की। अल्युमिनियम कैमिकल पदार्थ का कारखाना कटिहार में खोलने के लिये महीनों से आपके यहां फाइल पड़ी हुई है, कोई कार्यवाही नहीं हो रही है पटना में गैस प्लान्ट खोलने की कोशिश की जा रही है, लेकिन मिनिस्ट्री आफ एनर्जी में बोटलनेक की वजह से वह नहीं हो पा रहा है।

मै यह भी कहना चाहता हू कि नाइट्रोबेंजाइन एनिलीन तथा नाइट्रिक एसिड बनाने की इजाजत मैसर्स कोमरिया कैमिकल्ज को 1979 में दे दी गई और राजन प्रोप्राइटर को पटना में इस कारखाने को स्थापित करने नहीं दिया गया। यह बहुत ज्यादती हुई। इस तरफ भी आपका ध्यान जाना चाहिये।

पैट्रो कैमिकल्ज की बात भी अभी की गई है। मैं उसका समर्थन करता हूं। पैट्रो कैमिकल्ज पर आधारित उद्योग बिहार में भी खोले जाने चाहिये।

बिहार में चम्पारन जिले में रामा कास्टआयरन में करोड़ रुपये की पूंजी लगी हुई है। वह उद्योग दो साल हो गये हैं बन्द पड़ा है। मैं ने इस प्रश्न को यहां भी उठाया था और आपको भी इसके बारे में लिखा था। आपका कोई जवाब नहीं आया। आप इसको खुलवाने का प्रयास करें। मैं टेक ओवर या नेशनलाइज करने के लिए नहीं कह रहा हूं। लेकिन आप इसको खुलवाये। इसकी वजह से हजारों मजदूर बेकार फिर रहे हैं। इसको आप दुबारा खुलवाएं।

और भी उद्योग हैं जिन की स्थापना आप बिहार में कर सकते हैं। चम्पारन में अनेक बटन बनाने के कारखाने हैं। बटन सीप से बनते हैं। सीप हिन्दुस्तान में बहुत कम जगह मिलता है। चम्पारन में बहुत ज्यादा मिलता है। किन्तु उसके लिये मार्किट नहीं मिल रही है, सरकार इस उद्योग को प्रोटेक्शन नहीं दे रही है। मैं चाहता हूं कि बटन उद्योग को सरकार वहां बढ़ावा दे, उसको वहां प्रोत्साहित करे।

किशनगंज में जूट मिल की योजना है। वह वहां स्थापित होनी चाहिये इसी तरह से बाराचकियां जूट का बहुत बड़ा सेंटर है, इसको सब जानते हैं। वहां भी एक जूट मिल खुलनी चाहिये। कांटी में थर्मल पावर प्लांट आप लगा रहे हैं। जार्ज साहब के निर्वाचन क्षेत्र में वह पड़ता है। बहुत कोशिश की है तब जा कर इसको मंजूरी मिली है। भेल को इसको बनाने का काम सौंपा गया है। काम बहुत ढिलाई से चल रहा है। पता नहीं किन कारणों से वहां के जनरल मैनेजर को जो एक बहुत अच्छे और कुशल जनरल मैनेजर समझे जाते थे बदल दिया गया है। मैं चाहता हूं कि इस प्लांट को आप जल्दी लगाये और इस काम में प्रगति की रफ्तार को तेज करे।

बिहार में बुनकरों की समस्यायें है, बीड़ी मजदूरों की समस्यायें हैं उन पर भी आप ध्यान दें।

SHRI Y. S. MAHAJAN (Jalgaon): Mr. Chairman, Sir, I rise to support the Demands for Grants of the Ministry of Industry. This Ministry has, under its supervision and regulation, a large part of the Public Sector Enterprises which account for a total investment of Rs. 960 crores and which employ about 1,60,000 persons.

The general industrial situation during the year 1979-80 had been gloomy. Though industrial production recorded an increase of 7.6 per cent in 1978-79, it deteriorated sharply in 1979-80. The overall growth during the year will be marginal or near zero. This is largely due to a decline of about 1.5 per cent in the manufacturing sector.

The causes of this decline are obvious, merely, poor performance, of infrastructure, strained labour relations and other managerial problems.

While considering the activities planned by the Ministry during the current year, I would like to emphasise the importance of the public sector. Sir, as on 31-3-79, the total investment in the industrial and commercial public enterprises of the Central Government had reached the level of Rs. 15,602 crores, consisting of Rs. 7,801 crores as equity and an equal amount of Rs. 7,801 crores as long term loans and covered in all 176 enterprises. The turnover of these enterprises was as big as Rs. 18,936 crores.

The public sector should be strengthened and expanded to capture the commanding heights of the economy, so that the transition to a socialist economy should not be a longdrawn out affairs. This sector has certain definite social and economic objectives. Not only does it lay down the foundations of an industrial state but it is also meant to provide a model for labour-management relations, correct as far as possible, the inequalities of regional development and promote industrialisation generally.

Because of the social obligations these industries should not be judged by the profit and loss method

[Shri Y. S. Mahajan]

but this does not mean we should neglect the financial results of their working because ours is a country where capital is scarce and we have to rely sometimes on foreign sources for the setting up and development of modern sophisticated industries. This point was made clear by our Prime Minister in 1970 when she was answering the debate on General Budget in March 1970. She said:

> "We do want our public sector to make profit but let us not forget that the public sector has another important objective, the building up of the infra-structure of the economy. The metallurgical, heavy engineering and heavy electrical units in the public sector are designed for this purpose."

Sir as regards these industries, they have been suffering from under-utilisation of capacity during the last three years. Admittedly, it is difficult to define capacity and various phrases have been used, various devices adopted to get over the difficulty such as using phrases like rated capacity, installed capacity, developed capacity or attainable capacity. In any case the capacity or rated capaity of a unit would depend on the number of shifts, whether it produces one commodity or a variable combination of different commodities. From the statistical information provided by the Bureau of Public Enterprises the number of manufacturing units in the public sector where capacity utilisation has been more than 75 per cent decreased from 76 in 1976-77 to 62 in 1978-79. The number of units recording less than 50 per cent capacity utilisation increased from 17 to 27 in 1978-79. The position does not appear to have improved in the last year and no exact figures are available. A crippling factor has been utter inadequacy of coal, power and transport during the last year. Attention is urgently needed to improve the working of the intra-structure. It is a matter of satisfaction that Government has already taken a number of steps in this direction. Implementation of project planning is so deficient that there is often a delay of three to four years in completing the projects with the result that the costs escalate hugely and these units become a tax burden on the millions of our people in the country.

Sir, these large and heavy industries are a base for the development of small scale industries. The small scale industries have a large employment potential. They require less capital. They can be located in any part of the country and therefore, are most suited to the development of backward areas. But, Sir, this sector is often sick and quite often a large number of units are closed down. For instance, in my State it is reported that a number of small scale units do not get even 50 per cent of steam coal or coke for their use. Some of the foundries do not get even two-fifth of the pig iron that they require for casting purposes. Distribution of these raw-materials is in the hands of Central agencies. It will be advisable to establish a coordinating agency where representatives of different States can be brought together so that distribution can be made more fairly and the requirements of these people be met in time.

As regards my State there is another problem. Our Government has taken over three textile units under the Industries (Development and Regulation) Act. It has invested large amounts with a view to bring them all back to normalcy. And now the time has come to nationalise those industries. But the Central Government has suggested that some other alternative should be considered such as merger, amalgamation, or assistance and help from other sources, etc. Sir, nationalisation is the proper remedy. In the present social and economic conditions of the country, nationalisation should be restored

to on a larger scale than what we have done so far. With these words I conclude my speech. I wish the Ministry all success.

MR. CHAIRMAN: The original plan was that the hon. Minister will reply at 3.30. But now I have got a list of 44 members given to me by the Congress (I) party. There are about 7 members from the Opposition side to speak. So, unless we extend the time, it is not possible. If we extent the time, the debate could go on till 5-30 or 6. But in that case the House will not be able to discuss the Demands of the Petroleum Ministry. What do you suggest? Shall we continue with this discussion? What is the sense of the House?

SHRI M. SATYANARAYAN RAO (Karimnagar): Instead of taking up the Ministry of Petroleum and Chemicals for one hour, it is better if we continue with this discussion on Industry.

PROF. N. G. RANGA (Guntur): Let there be some cut on the number of speakers on these Demands. Let us spare some time at least for the Petroleum and Chemicals Ministry.

SHRI KRISHNA CHANDRA HALDER (Durgapur): No, Sir, it is better to continue with this discussion till 6 O' clock.

MR. CHAIRMAN: All right, if the House agrees, we shall continue with this. I and we will forego the discussion of the Petroleum Ministry.

SOME HON. MEMBERS: Yes.

श्री इन्द्र राज शास्त्र (फर्रुखाबाद) : सभापति महोदय, बहुत से ऐसे सदस्य हैं, जो अभी तक किसी विषय पर नहीं बोले हैं । उनको सिर्फ पट्रोलियम पर बोलना है ।

MR. CHAIRMAN: This is agreed to by the House. We cannot just go on discussing each point. Order please. Now, Shri Girdhari Lal Vyas.

श्री गिरधारी लाल व्यास (भीलवाड़ा) : सभापति महोदय, इंडस्ट्रीज मिनिस्ट्री की डिमांडज के सम्बन्ध में मैं कुछ सुझाव मंत्री महोदय को देना चाहता हूं ।

15.36 hrs.

[MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair*]

प्राईवेट सैक्टर द्वारा जो इंडस्ट्रीज खड़ी की जाती हैं, उनके लिए 90 प्रतिशत ऋण सरकारी एजेन्सियों से मिलता है और बाकी का 10 प्रतिशत भी वे लोग गोल माल कर के उसी में से निकाल लेते हैं । लेकिन उसके बाद सरकार का उन पर कोई नियंत्रण नहीं होता है, जिसकी वजह से वे एक इंडस्ट्री का पैसा दूसरी इंडस्ट्री में डाल कर पहली इंडस्ट्री को सिक बना देते हैं । इस तरह सरकारी पैसे का दुरुपयोग होता है । मजदूरों का तनख्वाह बोनस प्राविडेंट फंड और इ एम आई आदि के पैसे और सुविधाओं से महरूम रखने के लिए प्राइवेट सेक्टर के लोग एक इंडस्ट्री को सिक बना कर दूसरी इंडस्ट्री खड़ी कर देते है । इसलिए इंडस्ट्रीज मिनिस्ट्री को खास तौर से इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि जिस इंडस्ट्री को सरकारी एजेन्सी से पैसा मिलता है, वह बराबर खड़ी रहे, सरकारी पैसे का दुरुपयोग न हो और मजदूरों का जो हिस्सा है, वह भी उन्हें मिलता रहे ।

जनता पार्टी की सरकार ने मिल मालिकों को जिस प्रकार की छूट दी थी और उन्हें आम जनता को लूटने का अवसर दिया था, उस व्यवस्था को निश्चित रूप से बदलना चाहिए । कांग्रेस शासन में हमने कपडे पर कंट्रोल इसीलिए लगाया था कि हमारे देश की 80 प्रतिशत जनता गांवों में बसती है, जो मोटा और कंट्रोल का कपड़ा पहनती है, इसलिए वह कपडा उसे सस्ते भाव पर उपलब्ध हो सके । जनता पार्टी ने बड़े-बड़े मिल मालिको से न जाने किस प्रकार का फायदा उठाया और सारे कंट्रोल समाप्त कर दिये, उन्हें अच्छा फाइन क्लाथ पैदा करने की पूरी छूट दे दी, जिससे जो कपड़ा कंट्रोल रेट पर गांवो के गरीब लोगों को मिलता था, वह भी मंहगा हो गया और उन्हें भयंकर तकलीफ उठानी पड़ रही है ।

तीसरी बात मैं सीमेन्ट के सम्बन्ध में निवेदन करना चाहता हूं । सीमेंट की इंडस्ट्री खास तौर से जब कांग्रेस का शासन था तो बहुत अच्छे तरीके से चल रही थी, हर एक आदमी को सीमेंट ठीक प्रकार से उपलब्ध होता था । . . . . (व्यवधान) . . . लेकिन जनता पार्टी के शासन ने सीमेंट के उद्योग को जिस तरह से बरबाद किया है उससे सीमेंट की इंडस्ट्री जितनी भी इस देश में स्थापित थी वह तमाम की तमाम कोलैप्स करने लग गई और आज आम लोगों को सीमेंट नहीं मिल पा

[श्री गिरधारी लाल व्यास]

रहा है। इसलिए सीमेंट के कारखाने ज्यादा से ज्यादा स्थापित करने की व्यवस्था की जानी चाहिए। राजस्थान में आपने दो तीन लोगों को सीमेंट का कारखाना लगाने की आज्ञा दी है। लेकिन अभी तक वे कारखाने स्थापित नहीं हुए हैं। मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि राजस्थान में सीमेंट के कारखाने स्थापित करने का इतना स्कोप है जितना हिन्दुस्तान में और कहीं नहीं है। इतना रा-मेटीरियल राजस्थान में उपलब्ध है सीमेंट के लिए कि जितना और कहीं नहीं है और इसलिए राजस्थान में सीमेंट के इतने कारखाने स्थापित होने चाहिए जितने से कि देश की सीमेंट की तमाम मांग को पूरा किया जा सके।

इसी तरह से माइका के सम्बन्ध में निवेदन करना चाहता हूं। बिहार में सबसे ज्यादा माइका होता है मगर उसके बाद दूसरे नम्बर पर राजस्थान आता है। राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में माइका बहुत काफी मात्रा में मिलता है मगर उस माइका के खरीदने के सम्बन्ध में इंडस्ट्रीज डिपार्टमेंट की तरफ से कोई उपाय नहीं किया गया है। मिटको आप ने स्थापित किया है लेकिन मिटको माइका खरीदने की कोई व्यवस्था नहीं करता। यह बात निश्चित है कि भीलवाड़ा जिले में जो माइका पैदा होता है वह उतना अच्छा और उस क्वालिटी का नहीं होता जो बिहार में होता है, उसकी किस्म कुछ घटिया है लेकिन उस हालत में भी यह इतनी मात्रा में वहां पैदा होता है कि विदेशों में उस को भेज कर उस का ज्यादा से ज्यादा उपयोग किया जा जा सकता है मिटको बहुत ही सीमित दायरे में काम करता है और आज जितना भी माइका वहां से निकलता है उस का कोई खरीददार नहीं है। इसका परिणाम यह है कि जहां 15 हजार लेबर उनमें काम करना था, आज वह तमाम की तमाम खानें बन्द पड़ी हुई हैं। मुश्किल से पांच सौ आदमी उस में काम करते हैं। इसलिए मेरा निवेदन है कि मिटको द्वारा अधिक मात्रा में उसके खरीदने की व्यवस्था की जानी चाहिए।

इसी तरह से जिंक का बहुत बड़ा भण्डार भीलवाड़ा में निकला है। आप ने अखबारों में देखा होगा कि भीलवाड़ा जिले के आंगूचा गांव में जिंक का हिन्दुस्तान में सबसे बड़ा भण्डार मिला है। मैं निवेदन करूंगा कि जिंक का इतना बढ़िया और इतना बड़ा भंडार वहां निकला है कि जिस का उपयोग हम बहुत बड़े पैमाने पर कर सकते है। इसलिए जिंक के सम्बन्ध में कोई न कोई इंडस्ट्री जिंक स्मेल्टर वहां स्थापित करने की व्यवस्था आप करें, हजारों लोगों को उससे काम मिलेगा और इस पिछड़े हुए क्षेत्र को भी आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

इसी प्रकार से क्वार्ट्ज, ऐस्बेटोस, सोप स्टोन, लाइम स्टोन, लिग्नाइट और दूसरे कई प्रकार के खनिज पदार्थ भीलवाड़े जिले में निकलते हैं। उन के सम्बन्ध में अभी तक किसी प्रकार का कोई कारखाना या कोई इंडस्ट्री वहां स्थापित नहीं की गई है। ऐस्बेस्टोस भीलवाड़े में इतना अच्छा और सुपर फाइन क्वालिटी का निकलता है कि हिन्दुस्तान में क्या, दुनिया में वैसा ऐस्बेस्टोस कहीं नहीं निकलता। उस ऐस्बेस्टोस के सम्बन्ध में भी कोई इंडस्ट्री वहां नहीं लगाई गई है। इसी प्रकार सोप स्टोन भीलवाड़ा जिले में बहुत फाइन क्वालिटी का निकलता है और बहुत बड़े पैमाने पर निकलता है। मगर वह तमाम का तमाम एक्सपोर्ट किया जाता है। हमारे देश में इस प्रकार की कोई इंडस्ट्री स्थापित नहीं हुई जिस के जरिए से इन खनिज पदार्थों का उपयोग हमारे देश में हो सके और उस से ज्यादा से ज्यादा लोगों को फायदा मिल सके। इस प्रकार की व्यवस्था निश्चित तौर से की जानी चाहिए।

एक बात खादी और ग्रामोद्योग के सम्बन्ध में कहना चाहता हूं खादी और ग्रामोद्योग के जरिए आप ने कहा है कि हम लाखों लोगों को रोजगार दिलाने की व्यवस्था कर रहे हैं। मगर आप किस प्रकार का रोजगार दिला रहे हैं। खादी में कत्तिन काम करती है उस को बारह आने रोज मिलते है, जो बुनकर खादी में काम करता है उस को 2 या ढाई रुपये से ज्यादा नहीं मिलता हम ने बराबर कई बार मांगा की कि मिनिमम वेज खादी के सम्बन्ध में भी लागू कीजिए ताकि उन का जो शोषण हो रहा है वह शोषण समाप्त हो। आप एग्रीकल्चर में और दूसरी इंडस्ट्रीज में मिनिमम वेज कानून लागू करते है लेकिन खादी और ग्रामोद्योग में जो बड़े बड़े अपने को सर्वोदयी नेता कहते हैं और जो बराबर वर्षों से, जब से देश आजाद हुआ तब से इन गरीब लोगों का शोषण कर रहे है उन के शोषण को समाप्त करने के लिए कोई व्यवस्था नहीं करते, बल्कि कानून लागू कर के आप ने यह व्यवस्था कर दी कि वहां पर मिनिमम वेजेज ऐक्ट लागू नहीं हो सकता जहां पूरी रोटी उन को नहीं मिलती। 12 आने एक कत्तिन को मिलते है क्या 12 आने में एक टाइम का भोजन मिल सकता है? इसी प्रकार से बुनकर को दो-ढाई रुपये से ज्यादा नहीं मिलता। इस प्रकार का शोषण जो इस खादी और ग्रामोद्योग के अन्दर संस्थाओं में मठाधीश बन कर बैठे है जिन्होंने लाखों और करोड़ों की सम्पत्ति बना ली है इस प्रकार के लोगों द्वारा जो हजारों लोगों का शोषण किया जा रहा है। इसको निश्चित रूप से समाप्त करने के लिए मैं मिनिस्टर साहब से निवेदन करूंगा। लाखों लोगों को इसका लाभ मिलेगा अतः इस प्रकार

की व्यवस्था निश्चित तौर से की जानी चाहिए। आप चाहे मिनिमम वेजेज एक्ट को लागू न करें लेकिन इस प्रकार की व्यवस्था अवश्य करें कि जो काम करने वाले लोग हैं उनके लिए निश्चित तरीके से उदरपूर्ति की व्यवस्था हो जाये। अतः इस प्रकार की व्यवस्था अवश्य की जानी चाहिए।

मेरा एक सुझाव और है। काटन कार्पोरेशन के द्वारा काटन खरीदने की व्यवस्था की जाती है लेकिन काटन कार्पोरेशन अपने ऊपर जिस स्थान से चाहता है काटन की खरीददारी कर लेता है। हमारे भीलवाड़ा जिले में काफी काटन होती है लेकिन वहां पर काटन की खरीददारी के लिए काटन कार्पोरेशन की तरफ से कोई व्यवस्था नहीं है। वहां पर जो भी काश्तकार काटन पैदा करते हैं उनका शोषण होता है। उनको अपनी उपज का बहुत कम पैसा मिलता है। इसलिए मेरा सुझाव है कि काटन कार्पोरेशन के द्वारा काटन की खरीददारी की व्यवस्था की जानी चाहिए। भीलवाड़ा, आसीन्द, गुलाबपुरा, कई ऐसे क्षेत्र हैं, कई टेक्सटाइल मिलें जहां पर स्थापित हैं वहां पर काटन कार्पोरेशन की ओर काटन की खरीददारी व्यवस्था होनी चाहिए तभी वहां पर गरीब काश्तकारों का शोषण समाप्त हो सकता है। वहां पर इसकी व्यवस्था करना बहुत आवश्यक है।

इसके अतिरिक्त भीलवाड़ा ऐसा क्षेत्र है जहां पर एक बहुत बड़ा इण्डस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स स्थापित किया जा सकता है। आज भी वहां बहुत मांग है कि सूती कपड़े के उद्योग ज्यादा से ज्यादा स्थापित किए जायें। आपके पास एप्लाई भी किया हुआ है लेकिन अभी तक कोई व्यवस्था नहीं की गई है। अगर यह व्यवस्था हो जाए तो उस क्षेत्र को बड़ा लाभ होगा। मुझे आशा है कि आप हमारे सुझावों पर अमल करेंगे ताकि हमारे क्षेत्र का विकास हो सके।

इन शब्दों के साथ मैं इन डिमाण्ड्स का समर्थन करता हूं।

श्री पियूष तिरकी (अलीपुरद्वार): उपाध्यक्ष महोदय, सारे देश में एक अशांति का वातावरण फैला हुआ है। उद्योग मन्त्री से मेरा अनुरोध है कि सारे देश को सामने रखकर, सभी समस्याओं को देखते हुए अपनी नीति और अपनी योजनाओं में परिवर्तन लाने की चेष्टा करें। हमने देखा है कि जबसे देश आजाद हुआ है, बहुत सारे उद्योग-धंधे खोले गए हैं लेकिन इन उद्योगों का लाभ किस को पहुंचा है? दूसरी ओर इस दौरान कितने लोग उद्योगों में बेकार होते जा रहे हैं क्योंकि जो मामूली सी चीजें हैं, जो प्राइमरी चीजें हैं वह मोहैया नहीं हो रही हैं। जिस नीति से आज यह देश चल रहा है उसमें आमूल परिवर्तन करने की आवश्यकता है। हमने देखा कि अंग्रेजों ने इस हाउस को बनाया था, रेलें और दूसरे बहुत सारे कारखाने भी खोले थे। हमने समझा कि ईस्ट इंडिया कम्पनी ने अपने फायदे के लिए इनको खोला लेकिन इस समय भी उद्योग-धंधों में कोई ज्यादा अन्तर नहीं है क्योंकि जितना भी रुपया पैसा उद्योग-धंधों का है वह पाँच परसेंट लोगों के पास ही जमा होता जा रहा है।

इस सम्बन्ध में मैं आपके सामने कुछ आंकड़े रखना चाहता हूं।

About 15 to 25 big business houses have swalloed the national exchequer. They have increased their capital thousand times more than they were on the dawn of independence. The urban population 41 per cent. and 51 per cent of the rural population live below poverty line and about 20 crores of people have become economically redundant. The wave of discontent in eastern zone has taken an ugly turn. Fellow citizens are fighting among themselves cursing each other for their miserable plight in independant India.

अब मैं आपको कुछ आंकड़े, स्टेटवाइज जो नौकरी की तालाश में हैं, देना चाहता हूं।

	लाखों में
आन्ध्र प्रदेश	12.89
आसाम	3.27
बिहार	21.69
गुजरात	4.36
हरियाणा	3.29
हिमाचल प्रदेश	1.26
जम्मू और काश्मीर	0.54
कर्नाटक	5.60
केरल	12.75
मध्य प्रदेश	7.71
महाराष्ट्र	11.23
मणिपुर	0.88
मेघालय	0 10
नागालैण्ड	0.04
उड़ीसा	4.32
पंजाब	4.14
राजस्थान	3.32
तमिलनाडु	10.10
त्रिपुरा	0.68
उत्तर प्रदेश	13.76
वैस्ट बंगाल	21.99

[श्री पियूष तिरकी]

अण्डमान एंड निकोबार आईलेंड	0.88
चण्डीगढ़	0.56
दिल्ली	2.92
गोवा	0.27
लक्षद्वीप	0.04
मिजोरम	0.17
पोडीचेरी	0.34
कुल योग	148.43

अब मैं आपको कुछ ऐसे आंकडे देना चाहता हूं जो ट्रेनिंग पा चुके हैं, जो बेकार है और काम के लिए घूम रहे हैं ।

एम्पलायमेंट एक्सचेंज मे 31-12-1979 के मुताबिक थे । आकडे है

सिविल इंजीनियर	5054
मैकेनिकल इंजीनियर	7244
इलैक्ट्रिकल इंजीनियर	7368
कैमिकल इंजीनियर	1029
माइनिंग इंजीनियर	82

जो आदमी इन्डस्ट्रीयल ट्रेनिंग इन्स्टीचूट से पास कर चुके हैं, वे भी एम्पलायमेंट एक्सचेंज में 31-12-1979 के मुताबिक है

इंजीनियरिंग ट्रेड	3 31,382
नान-इंजीनियरिंग ट्रेड	19,920

ये लोग आज भी काम के लिए इधर उधर घूम रहे है । नान-इंजीनियरिंग ट्रेड में बुक बाइंडर, हैंड कम्पोजीशन एंड प्रूफ रीडिंग, स्टैनोग्राफर आदि ये सब लोग आते हैं । ये बच्चे पढ़ लिखकर देश के लिए कुछ करना चाहते हैं । मैं मंत्री महोदय से, जब वे अपना जवाब देंगे, जानना चाहता हू कि वे इनके लिए क्या कदम उठा रहे हैं ।

कुछ दिन पहले मेरे निर्वाचन क्षेत्र से दो आदमी आए थे । वे कह रहे थे, कि हिन्दुस्तान हमारा है । मैंने कहा ठीक है, हिन्दुस्तान हमारा है । जब वे दिल्ली घूम रहे थे, तो उन्होंने देखा कि यहां बडी-बडी कोठियों पर टाटा, बिरला, डालमिया आदि के नाम लिखे हुए थे । फिर उन्होंने पूछा कि हिन्दुस्तान किस का है, तो मैंने कहा कि कुछ व्यक्तियो का है, हमारा नही है। उसके बाद वे बिरला मंदिर देखने के लिए गए, तो उसकी औरत ने पूछा कि यह कौन से देवता का मन्दिर है? मैंने कहा कि यह बिरला देवता का मन्दिर है । फिर उसने पूछा कि यह कौन से देवता हैं? मैंने कहा कि तुम को रामायण और महाभारत देखना पड़ेगा कि कहां इनका नाम है । मैंने कहा कि यह नए देवता हैं और इस तरह के 20-22 देवता और हैं, उनके मंदिर भी बन रहे हैं और शायद बनेंगे । ये देवतागण हिन्दुस्तान की चाहे अर्थ-व्यवस्था हो, राजनीति हो, हर चीज को अपने हाथ में ले चुके हैं और यहां तक कि राजनीति में भी उनके नुमाइंदे उनके पक्ष में हमेशा बोलते रहते हैं । इलैक्शन में भी रुपया-पैसा खर्च करके उनके रुपए से ही सरकार बनती है । उन के रुपये से इण्डस्ट्रीज बनती हैं, उन के रुपये से ही सारे देश की कानून और व्यवस्था चलती है । इन देवताओं की पूजा करना हमारी सरकार छोड दे । हमारे हिन्दुस्तान का हर आदमी क्या चाहता है—रोजी, रोटी, कपड़ा, मकान और उस के स्वास्थ्य की निगरानी—सिर्फ इतना ही चाहता है । इन चीजों की व्यवस्था करने के लिये हमारे उद्योग मंत्री को अपनी नीतियों में परिवर्तन करना चाहिये ।

आज बहुत से कल-कारखाने बन्द पड़े हैं लेकिन उन पूंजीपतियो को हमारी सरकार सख्त आज्ञा नही दे सकती, क्योंकि उन को डर है, यदि सख्ती आरम्भ हो गई तो दूसरे इलैक्शन में उन को पैसा नही मिलेगा । इस लिये उन को भाई दादा कह कर, उन के पांव का तलवा मालिश करना हमारे मिनिस्टरो का काम बन चुका है। मैं कहता हू कि आप थोडा सख्ती से बोलो, हमारी जनता मर रही है, इस को काम दो । "कुमारधोबी" कारखाने में हजारो आदमी बेकार बैठे हैं, रोटी के लिये रो रहे हैं, बिहार के लाखों आदमी आसाम और दूसरी जगहो पर गये, क्यो गये, इन को किस ने भेजा? एक्सप्लायटर्स उन को वहां ले जाते हैं । आज यहां पर शान्ति और व्यवस्था की बातें कही जाती है, शान्ति-व्यवस्था को भग करने वाला कौन है क्या हमारी सरकार को इतना भी ज्ञान नहीं है? वहां पर जितने बिजनेस हैं, सब फारेनर्स के हाथ में हैं, इण्डस्ट्रीयलिस्ट्स उन से फायदा उठा रहे हैं ।

इसलिये मेरा सुझाव है कि जितने भी कारखाने बनें, उन को कैपिटलिस्ट्स के हाथ में नही देना चाहिये । सरकार को अपने हाथ में रख कर चलाना चाहिये, इन लुटेरों के हाथ में वे कारखाने नही पड़ने चाहिये । आप ने समय दिया, धन्यवाद। गरीब को समय कम मिलता है, यह हम को मालूम है । यदि हम भी पूंजीपति होते तो आधा घन्टा मिलता ।

SHRI XAVIER ARAKAL (Ernakulam): I fully support the demands Nos. 58, 59 and 60 of the Ministry of Industry. There is a saying as you sow, so shall you reap. The Economic Survey and the CSO have reported that the national growth rate is below 3.5 per cent; so also industrial production is below 1.5 per cent which indicate that the task before this government is very important.

MR. DEPUTY-SPEAKER: There are about thirty members from the ruling party; every one should take only five minutes; only points should be mentioned. Then the Minister will reply. If you take more time, the time of other Members, I will put them against you.

SHRI BAPUSAHEB PARULEKAR (Ratnagiri): When will the hon. Minister reply?.... (*Interruptions*).

MR. DEPUTY-SPEAKER: The hon. Minister will reply at quarter to five.

16 hrs.

SHRI XAVIER ARAKAL: Industrialisation is closely connected with planning and regulation, participation and economic stimulation. The budget clearly indicates the direction but I would like to give a few suggestions for the consideration of the hon. Minister.

1. The existing industrial and financial laws and existing legal systems should be evaluated.

2. We must have a close look on the entire banking and financial systems especially I.D.B.I., I.F.C., N.I.D.C. I.C I.C. and to see how far they have helped the industrial development of the nation and who are the beneficiaries of those.

3. National and regional wages-prices-income policy should be evolved. I am not going into the details.

4. We should ban all our export of raw materials. Even to-day's paper has indicated—millions and millions of tonnes of iron ore are going to be exported. Why are the people unemployed? Why is the poverty here? My submission is that the export of raw materials should be stopped.

5. We must look at the entire distribution system in our country. My suggestion is that the distribution system should be owned and controlled by the Government

6. As has been said by me in my earlier speech we should ban strikes and lock-outs in basic industries and essential services.

7. Industrial and product preferences should be spelt out. 1948 Industrial Policy Resolution was moved by Shri Mukherjee. Resolution of 1956 is there. In addition to that policy of 1977 is there. We should evaluate what is the impact of these Resolutions and policies and try to evolve a new national policy in this country.

These are my suggestions. May I make some of my requests—

The first one is related to the economy of the Kerala State. The problem of the State is acute as those of the problems of other States. The Kerala State Government is frittering away the hard earned money for social and infrastructure purposes. For what purpose? The leftist Governments in power? Therefore, I am saying that unproductive expenditure of the Kerala State Government has a detrimental effect on the industrial development of the State. Therefore, I am making these requests for your consideration—

1. In Kerala there is a vast scope for petro-Chemical industries. The one which has been pending before the Government is aromatics project. If it is established at Cochin Refinery, that will cost only Rs. 55 crores, whereas if it is established at Mathura, it will cost Rs. 200 crores. Where should it be allowed and for which place should it be sanctioned?

(*Interruptions*)

2. The second one is about the establishment of caprolactum project. It will be highly useful.

The developmental scheme in the south will sprout out if this is sanctioned. This has been pending before the Central Government for a long time.

MR. DEPUTY-SPEAKER: His time is over.

SHRI XAVIER ARAKAL: I will conclude in a minute. The FACT at Udyogamandalam is over 35 years old.

[Shri Xavier Arakal]

It has not been modernised and there is no diversification. If it is not done, about 4000 employees will be thrown out of employment. Imagine what will be the impact of such a thing happening. Obsolete and redundant equipments are there. Ever since it was installed it is remaining there and there is no modernisation. This should be taken into consideration.

About Hindustan Aromatics Ltd., the Kerala Government have said in their letter dated 22-10-79 and again on 18-2-80 that they will provide the required land, water, electricity and other resources and requested the Centre to start that factory. You know what is the reply? The reply of H. A. Ltd., No. MDA/360/16/319 dated 22-2-80 was that the matter was "still under consideration of the Government of India". May I know the reason for this delay?

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please conclude.

SHRI XAVIER ARAKAL: In conclusion, I would like to say that I am sorry that after leaving the Congress Party, Shri Unnikrishnan has stopped reading our election manifesto. Mr. George Fernandes was telling us how he went abroad...

MR. DEPUTY-SPEAKER: I am calling the next speaker—Mr. Jai Pal Singh Kashyap.

श्री जयपाल सिंह कश्यप (आंवला) : उपाध्यक्ष महोदय, उद्योग मंत्रालय के सम्बन्ध में मेरा कहना है कि यह वह मंत्रालय है, जो पिछले 33 साल से हिन्दुस्तान में सरमायेदारों का निर्माण करता रहा है । इसके द्वारा देश की पूंजी कुछ लोगों के हाथों में इकट्ठी हुई है, कुछ क्षेत्रों का ही विकास हुआ है, कुछ ही व्यक्तियों का विकास हुआ है । यहां के जो साधारण लोग हैं उनका इस मंत्रालय के द्वारा शोषण हुआ है । जिस तरह की योजनाएं मंत्रालय को बनानी चाहिए थीं उस तरह की योजनाएं यह मंत्रालय नहीं बना पाया है ।

इस देश में इतनी अधिक आबादी है कि बेरोजगारी दूर करने का इस मंत्रालय द्वारा पहले उद्योग होना चाहिए था लेकिन उद्योग इस देश में बनाये गये प्रोफिट मोटिव से जिनसे कुछ लोगों को ही लाभ मिला । कुछ लोगों की तिजोरियां ज्यादा बड़ी हो गयीं, बैंक बेलेंस ज्यादा हो गये, बड़े बड़े पूंजीपतियों के हाथों में सारे स्रोत, सारा कैपिटल इकट्ठा हो गया । यही कारण है इस देश की गरीबी का ।

इस देश के किसानों को उनकी उपज की सही कीमत नहीं मिली, मजदूरों की तंख्वाह नहीं मिली । इस देश में बेरोजगारों को इसलिए बेरोजगार रखा जाता है कि वे सस्ते दर पर मिल सकें । इसलिए देश में मजदूरों के अधिकारों का भी हनन हो रहा है । उद्योग मंत्रालय को बेरोजगारी दूर करने की, स्थानीय रा मेटेरियल, कच्चे माल के सही तरीके से प्रयोग किये जाने की नीति बनानी चाहिये । जो किसान रा मेटेरियल पैदा करता है, उत्पादन में उनको भी हिस्सा मिलना चाहिए । इस तरह की हमारी नीति होनी चाहिए ।

जहां तक इस देश में बढ़ते हुए सरमायेदारों का सवाल है, उन्होंने इस देश की राजनीतिक व्यवस्था पर जो प्रभाव डाला है उसके लिए उद्योग मंत्रालय विशेष रूप से जिम्मेदार है क्योंकि इन्ही सरमायेदारो से इन्हें बराबर पैसा मिलता रहा है । अगर इस देश को संभालना है तो मुख्य रूप से दस लाख रुपये से ऊपर के सारे उद्योग धंधों को हमें नेशनलाइज करना पड़ेगा । अगर आप इसको नहीं करेंगे तो देश से गरीबी और आर्थिक विषमता नहीं मिट पाएगी ।

करोड़ों लोग जो अपने हाथ से काम करते हैं, सही मानो में देश के वही कारखाने हैं । कुम्हार जो अपने हाथ से चाक पर काम करता है, मिट्टी के बर्तन बनाता है, लोहार जो अपने हाथ से तरह तरह के औजार बनाता है, लकड़ी को जो तोड़ता है बढ़ई और इस देश का जुलाहा जो खड्डी पर कपड़ा बनाता है वही सही मानों में देश के कारखानें हैं, उद्योग हैं । उनकी तरफ हमारा उद्योग मंत्रालय ध्यान नही देता है । इनको आज तक उद्योग मंत्रालय नें उतना महत्व नहीं दिया जितना देना चाहिये था । जितना प्रोत्साहन इनको मिलना चाहिये था नहीं मिला । यही कारण है कि ये जो काम करनें वाले लोग देहातों में रहते हैं, उनके उद्योग धंधे ठप्प होते जा रहे हैं और वे शहरो की ओर दौड़ दौड़ कर आ रहे हैं और शहरों की आबादी बढ़ती चली जा रही है । उद्योगों का केन्द्रीकरण हो रहा है और कुछ एक हाथों में उद्योग धंधे तेजी से जा रहे हैं । हमारे देश में बहुत से काम हो सकते हैं । आलू की फसल, आम की फसल का सही उपयोग नहीं होता है । मछलियों का सही उपयोग नहीं होता है । डिब्बा बन्दी इन वस्तुओं की तथा

दूसरी वस्तुओं की हो सकती है । आलू के उत्पादन को बहुत बढ़ाया जा सकता है और इसको विदेशों को भेजा जा सकता है । इसी तरह से और भी चीजें हैं, जिन का निर्यात हो सकता है और आपको विदेशी मुद्रा प्राप्त हो सकती है । मैं चाहता हूं कि हर गांव में आप ग्राम स्तर के उद्योग धंधे खोलें और हर ब्लाक स्तर पर, विकास खंड स्तर पर एक एक कारखाना खोलें । तब जा कर जो बेरोजगारी है और आर्थिक विषमता है वह दूर होगी ।

